




# मई-जून जैसी पड़ रही अप्रैल में गर्मी, तापमान पहुंचा 42 के पार

## आसमान से बरस रही आग, दोपहर सड़कों में सन्नाटा, गर्म हवाओं से जनजीवन प्रभावित

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 22 अप्रैल, इस बार मई-जून जैसी गर्मी अप्रैल के प्रथम सप्ताह से ही शुरू हो गई है, आसमान से आग बरस रही है तेज धूप और 42 डिग्री के ऊपर पहुंच चुके तापमान से जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित है. हालत यह है कि सुबह 8 बजे से तेज धूप शुरू हो जाती है और शाम तक गर्म हवाएं चलती है. हालत यह है कि शादी ब्याह के मौसम में भी दोपहर सड़को में सन्नाटा रहता है.**



दिन का तापमान जहा 42 डिग्री के ऊपर पहुंच चुका है वही रात का न्यूनतम तापमान भी तेजी से बढ़ते हुए 23 डिग्री तक पहुंच गया है. जिसके चलते रात भी अब गर्म रहने लगी है. हालाकि सुबह हल्की ठड रहती है. जिस तरह से अभी गर्मी पड़ रही है उसको देख कर लग रहा है कि आने वाले माह में तापमान 45 डिग्री के ऊपर पहुंच जाएगा और गर्मी असर दिखाएगी. जिस तरह से अभी गर्मी पड़ रही है ऐसी गर्मी नौतपा में भी नही पड़ती है. ग्रामीण क्षेत्र के अपेक्षा शहर में ज्यादा गर्मी है, चारो तरफ ऊंचे भवन और कंक्रीट की सड़को ने तापमान को और बढ़ा दिया है. लगातार पेड़ कट रहे है हालत यह है कि हाइवे और माडल रोड़ में छाव के लिये पेड़ नही है. यही वजह है कि शहरी क्षेत्र में भी गर्मी अब तेजी से बढ़ती जा रही है. दोपहर को लोग निकलने से कतराते है, बढ़ती गर्मी के चलते एसी-कूलर तक काम नही कर रहे है. शाम के बाद भी राहत नही मिल रही है. रात का न्यूनतम तापमान अभी 18 से 20 था लेकिन धीरे-धीरे 23 डिग्री पहुंच गया है, दिन भर गर्म हवाएं चलती रहती है. इस माह के अंत तक तापमान 44 डिग्री तक पहुंच जाएगा. अभी आसमान में बादल लगे हुए है जिसके कारण गर्मी का असर कुछ कम है लेकिन जैसे ही आसमान साफ होगा तापमान तेजी से बढ़ेगा. उम्मीद नही थी कि अप्रैल में मई-जून जैसी गर्मी पड़ेगी. इस बार गर्मी ने सभी को हैरान कर दिया है. लू लगने एवं उल्टी-दस्त बुखार के मरीज अस्पताल में तेजी से पहुंच रहे है.

### लगातार खिसक रहा भूमिगत जल स्तर

तेज गर्मी के बीच लगातार भूमिगत जल स्तर नीचे खिसका रहा है. नहरों से पानी बंद कर दिया गया है और नदी तालाब भी सूखने लगे है. बाणसागर नहर से टीएचपी के लिये पानी छोड़ा जा रहा है जिसके कारण बीहर नदी में पानी है. शेष नदियां सूख चुकी है तालाब भी सूख गये है, कुछ तालाब है जहा अभी पानी है. पशु-पक्षियों के लिये भी पानी की किल्लत है, पठारी इलाको में जलसंकट पहले से ही दस्तक दे चुका है. हालत यह है कि हैडपम्प काम नही कर रहे है. राइजर पाइप डालने के बाद भी पानी नही मिल रहा है. दरअसल जल स्तर तेजी से नीचे खिसका रहा है.



## नवागत निगम आयुक्त अक्षत जैन ने पदभार सम्भाल कर किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 22 अप्रैल, नगर पालिक निगम रीवा के नव नियुक्त निगम आयुक्त अक्षत जैन ने पदभार ग्रहण करने के पश्चात निगम सभागार में अधिकारियों के साथ विस्तृत परिचय बैठक आयोजित की. बैठक में उन्होंने एक-एक अधिकारी से वन-टू-वन संवाद स्थापित करते हुए परिचय प्राप्त किया एवं उनके कार्यक्षेत्र, दायित्वों एवं वर्तमान कार्यप्रणाली की जानकारी ली.**

बैठक में आयुक्त श्री जैन ने कार्यालयीन अनुशासन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित समय पर कार्यालय आएं तथा फील्ड स्टाफ अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय उपस्थिति सुनिश्चित करें. उन्होंने टीम वर्क की महत्ता पर बल देते हुए कहा कि निगम के सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि नागरिकों को बेहतर एवं त्वरित सेवाएं प्रदान की जा सकें. साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी. बैठक उपरांत आयुक्त अक्षत जैन ने निगम कार्यालय परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने परिसर में संचालित विभिन्न शाखाओं का क्रमवार भ्रमण किया और हर कक्ष में जाकर वहां की कार्यप्रणाली को समझा. उन्होंने अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों तक सभी से परिचय प्राप्त करते हुए कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी ली. उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं नागरिक हित सर्वोपरि रखा जाए. इस दौरान बैठक में उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी, एमएस सिद्दीकी, कार्यपालन यंत्री मौजूद रहे.

## संक्षिप्त

### समिति प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस जारी

**रीवा,** प्रभारी कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने सेवा सहकारी समिति बहुरीबांध के समिति प्रबंधक विनय शुक्ला को कारण बताओ नोटिस जारी किया है. नायब तहसीलदार हुजूर एवं सहायक आपूर्ति अधिकारियों के उपार्जन केन्द्रों के भ्रमण के दौरान सिली गई बोरियों के रैंडम तौल में प्रति बोरी का वजन औसतन 359 ग्राम अधिक पाया गया. इसी प्रकार गेंहू की कुल उपार्जित मात्रा 2527 धक्वटल में 718 ग्राम प्रति धक्वटल के मान से 18.14 धक्वटल अधिक गेंहू किसानों से तौल किया गया जो वरिष्ठ निर्देशों की स्पष्ट अवहेलना है. प्रभारी कलेक्टर द्वारा समिति प्रबंधक को नोटिस जारी कर तीन दिवस में जबाव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं.

### लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा 26 को

**रीवा,** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा- 2026 आगामी 26 अप्रैल को रीवा शहर के 12 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित होगी. प्रथम पाली में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली में अपरान्ह 2.15 बजे से शाम 4.15 बजे तक परीक्षा आयोजित होगी. परीक्षा की गुणवत्ता एवं पारदर्शिता व निगरानी के साथ ही परीक्षा प्रति विश्वास बनाये रखने के लिए आयोग द्वारा राजकुमार पाठक सेवानिवृत्त आईएएस को आर्बजवर नियुक्त किया गया है.

### दिव्यांग मेडिकल बोर्ड आज आयोजित नहीं होगा

**रीवा,** जिला पुर्नवास केन्द्र में प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित होने वाले दिव्यांग मेडिकल बोर्ड के आयोजन के क्रम में 24 अप्रैल को होने वाला मेडिकल बोर्ड आयोजित नहीं होगा. सचिव रेडक्रास सोसायटी ने बताया कि 8 मई को दिव्यांग मेडिकल बोर्ड यथावत आयोजित होगा.

### नगर निगम का सम्मिलन आज

**रीवा,** नगर पालिक निगम, रीवा का 18वॉ विशेष सम्मिलन 23 अप्रैल को समय पूर्वान्ह 11:30 बजे नगर निगम स्पीकर व्यंकटेश पाण्डेय की अध्यक्षता में नगर पालिक निगम रीवा स्थित परिषद सभाकक्ष में आयोजित किया गया है. विशेष सम्मिलन में ''नारी शक्ति वंदन'' पर चर्चा एवं समर्थन में प्रस्ताव रखा जावेगा.

### हनुमना कृषि कार्यालय में छाया सन्नाटा

**हनुमना,** भीषण गर्मी के इस मौसम में जहाँ किसानों को खाद, बीज और सरकारी योजनाओं की जानकारी के लिए कृषि कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं. वहीं मऊगंज जिले के हनुमना विकासखंड से लापरवाही की एक बड़ी तस्वीर सामने आई है. यहाँ के कृषि कार्यालय में चपरासी तो अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए समय पर ताला खोल देता है, लेकिन कार्यालय के जिम्मेदार अधिकारी ड्यूटी पर आना उचित नहीं समझ रहे हैं. बुधवार को दोपहर के 1 बजकर 41 मिनट बीत जाने के बाद भी कृषि अधिकारी कार्यालय नहीं पहुंचे थे. चपरासी ने सुबह कार्यालय का ताला तो खोल दिया था, लेकिन साहब की कुर्सी खाली पड़ी रही. कड़कड़ाती धूप और लू के थपेड़ों के बीच दूर-दराज के गांवों से आने वाले किसान अधिकारियों के इंतजार में घंटों बैठे रहे. सवाल यह उठता है कि जब शासन-प्रशासन की ओर से कार्यालयीन समय निर्धारित है, तो हनुमना के कृषि अधिकारी किस नियम के तहत दोपहर तक लापता रहते हैं? बड़ा सवाल: क्या सरकारी दफ्तर केवल चपरासियों के भरोसे चलेंगे. अगर जिम्मेदार अधिकारी ही समय पर नहीं पहुंचेंगे, तो जिले की कृषि व्यवस्था और किसानों की समस्याओं का निराकरण कैसे होगा. अब देखना यह है कि इस खबर के सामने आने के बाद मऊगंज जिला प्रशासन और उच्च अधिकारी इन लापरवाह कृषि अधिकारियों पर क्या कार्रवाई करते हैं.

### शांतिधाम में गोष्ठी 1 मई को

**रीवा,** ब्रहमाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के कला संस्कृति प्रभाग रीवा और विन्ध्य काव्य साहित्य परिषद कलम परिवार आगामी 01 मई को सायं 05:00 बजे से शांतिधाम झिरिया में मजदूर दिवस के अवसर पर मजदूरो के सम्मान में काव्य गोष्ठी आयोजित करने जा रहा है. जिसमें उपस्थित कामगारों का सम्मान भी किया जायेगा कार्यक्रम संयोजक बी0के0प्रकाश एवं कलम परिवार के अध्यक्ष नागेन्द्र मिश्र मणी महिला संरक्षक डॉ0 गीता शुक्ला गीत, अध्यक्ष ममता नरेन्द्र सिंह ने सभी रचनाकार साहित्यकारों, कवियों एवं शायरों के साथ सुधी श्रोताओं को समय पर पधारने का अनुरोध किया है. कलम परिवार संस्थापक नारायण डिगवानी के कुशल निर्देशन में आयोजन को सफल बनाने विशिष्ट अतिथियों को भी आमंत्रित किया जा रहा है.

### श्री चित्रगुप्त शोभा यात्रा आज

**रीवा,** भगवान श्री त्रिचगुप्त के प्राकट्योत्सव के अवसर पर 23 अप्रैल को निकाली जा रही भव्य शोभायात्रा नगर भ्रमण करेगी. कायस्थ महासभा द्वारा निकाली गई यात्रा का इस दौरान हिन्दू धर्म परिषद और मानस मंडल संयुक्त रूप से मिलकर मानस भवन के सामने सायं 06:00 बजे स्वागत करेगा. यात्रा में शामिल सभी लोगो का रामनामी पट्टा पहनाकर स्वल्पाहार कराया जायेगा. हिन्दू धर्म परिषद के संस्थापक नारायण डिगवानी के मार्गदर्शन में होने वाले इस कार्यक्रम को परिषद के अध्यक्ष ऋषिशंकर मिश्रा और मानस मंडल के अध्यक्ष सुभाष बाबू पाण्डेय के कुशल नेतृत्व में कराये जाने की तैय्यारी को अंतिम रूप दिया जा चुका है. मानस मण्डल के पियूष त्रिवेदी, डॉ0 संतोष अवधिया, शिवशंकर मिश्रा, अशोक तिवारी के साथ हिन्दू धर्म परिषद के संयोजक सुमित मॉंजवानी, सह संयोजक उमेश कुशवाहा, महिला अध्यक्ष ममता नरेन्द्र सिंह, मार्गदर्शक डॉ0 सी0बी0शुक्ला, डॉ0के0के0परौहा, डी0पी0सिंह परिहार, विजय मोहन तिवारी, संरक्षक संजय तिवारी मुन्नू, अवधेश श्रीवास्तव आदि ने सभी सदस्यों के साथ नगर वासियों को शोभायात्रा एवं कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है.

## मोटर साइकिल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 22 अप्रैल, थाना अमहिया पुलिस ने चोरी गई मोटर साइकल के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है. आरोपी से मोटर साइकल बरामद कर न्यायालय में पेश किया गया.**



फरियादी अनुज सिंह निवासी द्वारिका नगर ने थाना अमहिया में रिपोर्ट दर्ज कराई कि पी.के. स्कूल के पीछे से उनकी मोटर साइकिल बजाज पल्सर क्रमांक एमपी 53 एमएल 6895 अज्ञात आरोपी द्वारा 14 अप्रैल को चोरी कर ले गया है. रिपोर्ट पर थाना अमहिया में अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना दौरान आरोपी मोहित सोंधिया पिता जगदीश सोंधिया उम्र 18 वर्ष निवासी कटरा मोहल्ला बिछिया के कब्जे से चोरी गई मोटर साइकिल को जप्त किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया किया. पूंछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया.

## सरकार के कथित भ्रामक दावों को महिलाएं समझ चुकी हैं : कविता

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 22 अप्रैल, केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा महिला आरक्षण की आड़ में परिसीमन के माध्यम से सत्ता पर एकाधिकार स्थापित करने की कथित साजिश को विपक्ष की एकजुटता ने विफल कर दिया है. महिला आरक्षण के समर्थन में समूचा विपक्ष एकजुट है.**



कांग्रेस पार्टी एवं विपक्षी दलों ने सितंबर 2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम का समर्थन किया था और अब कांग्रेस पार्टी की मांग है कि इस अधिनियम के तहत तत्काल प्रभाव से संसद एवं विधानमंडलों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण लागू किया जाए. उक्त बाते पत्रकारवार्ता के दौरान कांग्रेस की महासचिव श्रीमती कविता पाण्डेय ने कही. उन्होने आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार जानबूझकर महिला आरक्षण को परिसीमन और जनगणना की प्रक्रियाओं में उलझाकर महिलाओं को उनका अधिकार देने में देरी कर रही है. उन्होंने कहा कि सरकार परिसीमन के बहाने बिना जातिगत जनगणना के चुनावी समीकरण को अपने पक्ष में करने का प्रयास कर रही है. उन्होंने यह भी कहा कि महिला आरक्षण और परिसीमन को एक साथ जोड़कर संविधान की मूल संरचना को प्रभावित करने और कार्यपालिका की शक्तियों का केंद्रीकरण करने का प्रयास किया जा रहा था, जिसे कांग्रेस पार्टी एवं विपक्षी दलों ने मिलकर विफल कर दिया. इसके लिए उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी सहित समस्त विपक्ष को बधाई दी. श्रीमती पाण्डेय ने कहा कि देश की महिलाएं जागरूक हैं और अपने अधिकारों के प्रति सजग हैं. वे सरकार के कथित भ्रामक दावों को समझ चुकी हैं और अपने अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेंगी.

## आधी आबादी की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है भाजपा : राजमणि

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 22 अप्रैल, महिला आरक्षण बिल के नाम पर सत्ता मे अपना कब्जा बरकरार रखने के लिये मोदी सरकार देश की आधी आबादी की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है.**



उक्त बाते पत्रकारवार्ता में पूर्व राज्यसभा सांसद राजमणि पटेल ने कही. उन्होने कहा कि भाजपा महिला आरक्षण बिल का श्रेय लेना चाहती है, ताकि आधी आबादी को गुमराह कर सत्ता की कुर्सी मे कब्जा बरकरार रह सके. श्री पटेल ने कहा कि महिला आरक्षण बिल तो वर्ष 2023 मे ही सर्व सम्मति से पारित हुआ था, तब भाजपा ने इसे वर्ष 2029 मे लागू करने की घोषणा की थी, पर आज केन्द्र सरकार महिला आरक्षण को परिसीमन के साथ जोड़ कर ऐसा कुचक्र रचना चाहती है, जिससे कि सत्ता की चाभी अपने पास रख सके. उन्होने कहा कि यदि भाजपा की नियत मे खोट नही है तो लोकसभा की वर्तमान सदस्य संख्या मे ही महिलाओं के लिये आरक्षण देने में सरकार क्यों हिचकिचा रही है. श्री पटेल ने आश्चर्य व्यक्त करते हुये कहा कि यह पहली बार हो रहा है कि सम्पत्ति का बटवारा करने के लिये सम्पत्ति खरीदने की कोशिस की जा रही है, जो कि एक सोची-समझी शाजिस है, महिला आरक्षण के नाम पर परिसीमन का खेल था.

## रोजगार मेले में 52 युवाओं को मिला रोजगार

**मऊगंज, 22 अप्रैल,** मऊगंज कलेक्टर संजय कुमार जैन के मार्गदर्शन में सतपुड़ा आईटीआई मऊगंज में रोजगार मेला आयोजित किया गया. मेले में शामिल 8 कंपनियों ने 52 युवाओं का चयन किया. उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में प्रभा बायोप्लांट्स प्रा. लि. रीवा में 8, कास्ट एनएक्स प्रा. लि. इंदौर में 2, आयसर ट्रक एण्ड बस पीथमपुर धार (म.प्र.) में 7, एच.डी.एफ.सी. लाईफ इश्योरेन्स कम्पनी लिमि. रीवा में 6, सीआईआई एमसीसी इंदौर में 20 युवाओं का चयन हुआ.

## जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर 5769.35 मीट्रिक टन हुई गेहूं की खरीद

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 22 अप्रैल, किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए निर्धारित समर्थन मूल्य पर पंजीकृत किसानों से गेंहू का उपार्जन किया जा रहा है. अब तक 1904 किसानों से 5769.35 मीट्रिक टन गेंहू का उपार्जन किया गया है.**

कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपार्जन कार्य की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपार्जन केन्द्रों का सतत निरीक्षण व निगरानी करें. उपार्जन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही व शिथिलता क्षम्य नहीं होगी. उन्होंने कहा कि दिशा निर्देशानुसार निर्धारित गेंहू की मात्रा बोरे में भरी जाय तथा गुणवत्ता पूर्ण गेंहू का उपार्जन किया जाय. कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिये कि सीमावर्ती राज्य से किसी भी स्थिति में उपार्जन के लिए गेंहू की आवक न हो इस पर कड़ी निगरानी रखी जाय. उन्होंने उपार्जन केन्द्रों में बारदाने, तौल कांटे, सिलाई मशीन, कम्प्यूटर इंटरनेट, गुणवत्ता परीक्षण उपकरण, उपज की साफ-सफाई के लिए पंखा, छन्ना तथा किसानों के लिए स्वच्छ पेयजल एवं छाया की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये. उन्होंने उपार्जित गेंहू के समुचित भण्डारण व परिवहन के भी निर्देश वीडियो कान्फ्रेंसिंग में दिये. जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश तांडेकर ने बताया कि गेंहू उपार्जन के लिए अब तक 12616 किसानों ने स्लॉट बुक किए हैं. उपार्जन के लिए सभी खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध करा दिए गए हैं. जिले में 76 खरीदी केन्द्रों में गेंहू का उपार्जन किया जा रहा है. शुरूआत चार दिनो में कई केन्द्रो का खाता नही खुला था. अब धीरे-धीरे किसान खरीदी केन्द्रो में अपना गेंहू बेचने के लिये पहुंच रहे है.

## शहर की सुंदरता और यातायात में बाधक बन रहे हाथ ठेले

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 22 अप्रैल, शहर की यातायात व्यवस्था और सुंदरता में सबसे बड़े बाधक सड़को पर खड़े हो रहे हाथ ठेले है. ऐसी कोई सड़क नही जहा फल और सब्जी के हाथ ठेले न खड़े होते हो. जिनकी वजह से अस्थाई अतिक्रमण के साथ आवागमन प्रभावित होता है.**



नवागत निगम आयुक्त के लिये सबसे बड़ी चुनौती अतिक्रमण है. उड़नदस्ता दल शहर में घूमता रहता है लेकिन उसे अस्थाई अतिक्रमण दिखाई नही देता है. सिरमौर चौराहा मुख्य सड़क, अमहिया मार्ग, घोड़ा चौराहा, धोबिया टंकी, प्रकाश चौराहा, खटकहाई जाने वाले मार्ग सहित विभिन्न मार्गो में फल के ठेले खड़े रहते है जिसके कारण जाम की स्थित निर्मित होती है. नगर निगम द्वारा पूर्व में सांई मंदिर के सामने से फलों के ठेलों को हटाया गया था लेकिन अब फिर से वही ठेले लगने लगे है. जिसकी वजह से सड़क कम हो जाती है और जाम लगता है. अमूमन यही हाल सभी जगह का है, एक बड़ी चुनौती है कि हाथ ठेले वालों को सड़क से कैसे हटाया जाय.

शहर के अंदर ऐसी कई जगह नही जहा इन्हे स्थान दिया जाय. जिस तरह से फूल मंडी कोई स्थान दिया गया है उसी तरह एक जगह फलों के ठेले खड़े होने चाहिये ताकि सड़को पर अनावश्यक अतिक्रमण न हो.

## जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव आज अधिवक्ता करेंगे मतदान

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 22 अप्रैल, जिला अधिवक्ता संघ रीवा का चुनाव वर्ष 2026 के संबंध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी सूर्यनाथ पाण्डेय द्वारा बताया गया है कि मतदान की सारी तैयारिया पूरी कर ली गई है.**

मतदान 23 अप्रैल को सुबह 10 बजे से शायं 5 बजे तक मतदान का समय निर्धारित किया गया है. मतदान हेतु 10 पोलिंग बनाई गई है. प्रत्येक अधिवक्ता मतदाता को यूनीफार्म में रहना होगा वं मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता द्वारा जारी परिचय पत्र दिखाना अनिवार्य होगा. किन्तु ऐसे अधिवक्ता जिन्होने एआईबीआई की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके है और उनका राज्य अधिवक्ता परिषद द्वारा जारी परिचय पत्र अभी प्राप्त नही हुआ है और मतदाता सूची में उनका नाम है ऐसे अधिवक्ता उत्तीर्ण अंकसूची आवश्यक रूप से अपने साथ लेकर आये और उसे मतदान अधिकारियों को दिखाने के बाद ही मताधिकार का प्रयोग कर सकेगे. मतदान की तैयारी पूरी कर ली गई है.

## रीवा संभाग ई-ऑफिस में लगातार प्रदेश में प्रथम स्थान पर

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 22 अप्रैल, प्रशासनिक नवाचार के तहत ई आफिस व्यवस्था लागू की गई है. अब कार्यालयों के अंदर तथा अन्य कार्यालयों में फाइलों का संचालन ऑनलाइन माध्यम से हो रहा है.**

ई आफिस व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू करके रीवा संभाग में संभागीय रैंकिंग में अक्टूबर माह से लगातार प्रदेश में प्रथम स्थान पर बना हुआ है. इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने बताया कि रीवा संभाग में कुल 18628 फाइलें ई आफिस में क्रिएट की गईं तथा 71989 फाइलों का मूवमेंट हुआ. प्रदेश में दूसरे स्थान पर नर्मदापुरम संभाग है, जिसमें 6073 फाइलों का क्रिएशन तथा 48750 फाइलों का मूवमेंट हुआ है. तीसरे स्थान पर ग्वालियर संभाग है. इसमें 3112 फाइलों का क्रिएशन तथा 33766 फाइलों का मूवमेंट हुआ है. कमिश्नर ने बताया कि प्रदेश स्तर में संभाग और जिलों की सामूहिक रैंकिंग में सभी जिले और संभाग शामिल किए गए हैं. इनकी कुल संख्या 65 है. इस रैंकिंग में रीवा जिला 15वें स्थान पर है. रीवा जिले में 7348 फाइलें क्रिएट हुई हैं.

### शिकायतों के निराकरण में मऊगंज जिला टॉप-05 में

आमजन की शिकायतों के त्वरित और संतोषजनक निराकरण की दिशा में मऊगंज जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है. सीएम हेल्पलाइन के प्रदर्शन के आधार पर सोमवार को जारी प्रदेश स्तरीय ग्रेडिंग में मऊगंज जिले ने द्वितीय समूह के 27 जिलों में टॉप-05 में शामिल होने का स्थान अर्जित किया है. कलेक्टर संजय कुमार जैन के सतत और प्रभावी मॉनिटरिंग के कारण जिले ने गत मार्च माह में प्राप्त कुल 4260 शिकायतों में से 82.45 कुल वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड हासिल कर 49.84 वेटेज स्कोर के साथ शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया.

## जिला स्तरीय ज्ञान भारतम पांडुलिपि मिशन समिति गठित

मऊगंज, 22 अप्रैल, भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा हस्तलिखित विरासत के सर्वेक्षण, दस्तावेजीकरण, संरक्षण, डिजिटलीकरण व प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से ज्ञान भारतम मिशन की महत्वपूर्ण पहल की गयी है. मऊगंज जिले में कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय ज्ञान भारतम पांडुलिपि मिशन समिति का गठन किया गया है.